नईदुनिया

# नकली ऑइल पेंट कारखाना पर एसटीएफ का छापा, संचालक-दुकानदार सहित 4 गिरफ्तार

Updated: | Fri, 02 Apr 2021 10:25 PM (IST)




Fake Oil Paint Indore: पेंटर और ठेकेदारों को कमिशन देकर धड़ल्ले से बिक रहा नकली पेंट।

इंदौर, नईदुनिया प्रतिनिधि Fake Oil Paint Indore। स्पेशल टास्क फोर्स ने नकली ऑइल पेंट बनाने और बेचने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने कारखाना संचालक नौशाद उर्फ राजू कमानी, दुकानदार प्रीतमसिंह राजपूत सहित चार लोगों को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपितों से ब्रांडेड कंपनी के नाम से बनाया सैंकड़ों लीटर नकरी पेंट बरामद हुआ है।



एसपी (एसटीएफ) मनीष खत्री के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित नौशाद उर्फ राजू कमानी पुत्र हबीब निवासी बीसीएम पैराडाइज निपानिया का देवास नाका पर पेंट्स बर्ग के नाम से कारखाना है। एएसआइ झनकलाल पटेल को सूचना मिली थी कि कामानी एशियन पेंट के नाम से नकली पैकिंग कर रहा है। शुक्रवार सुबह कारखाना खुलते ही निरीक्षक श्रीकांत जोशी की टीम ने छापा मारकर कामानी सहित कर्मचारी जय पुत्र सुनील धीमान निवासी जीतनगर और मिथुन पुत्र सियाराम सिसोदिया निवासी जीतनगर को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी के मुताबिक कामानी ने पूछताछ में बताया कि नकली ऑइल पेंट फोनिक्स टाइनशिप निवासी प्रीतमसिंह उर्फ मुकेश दरबार पुत्र यशवंतसिंह को बेचना कबूला। एसपी के मुताबिक आरोपित ब्रांडेड कंपनी के नाम से बना नकली पेंट सस्ते दामों पर खरीद कर छोटे शहरों और गांवों में सप्लाई करता था। पुलिस के मुताबिक आरोपित ने यह भी बताया कि बड़े ठेकेदार और पैंटर उसके संपर्क में है। बड़े बिल्डरों और कारोबारियों से पुताई का ठेका लेकर नकली पेंट से पुताई करते थे।

**नकली पुट्टी बनाने का शक**

एसपी के मुताबिक आरोपितों से नकली पेंट के डिब्बे, टेलकम पाउडर, ड्रायफिल्म लिक्विड, सुपर लस्टर पाउडर व बिरला व्हाइट पुट्टी के बोरे मिले हैं। इससे शक है आरोपित नकली पुट्टी भी बनाता है।

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/indore-stf-raid-on-fake-oil-paint-factory-four-including-operator-shopkeeper-arrested-6789397